कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लोक निर्माण विभाग, घनसाली, मुख्यालय–घुमेटीधार
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
TEMPORARY DIVISION, PUBLIC WORK DEPARTMENT,
GHANSALI, HEAD QUARTER-GHUMETIDHAR
P.O. Pilkhi, Pin Code-249181
Phone and Fax No. 01379-258327
Website- http://pwd.uk.gov.in
E-Mail :-eepwdghansali@rediffmail.com

पत्रांक :– 1450/10mg
दिनांक– 19/12/2020

सेवा में,

भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र),
25 सुभाष रोड़, देहरादून।

विषय :– जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड–भिलगना में पौखार–गेंवली (भिलग) मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव के सम्बन्ध में। (लम्बाई–10.00 कि0मी0)।

सन्दर्भ :– आपका कार्यालय पत्रांक फाईल संख्या–08 बी0/यू0सी0पी0/06/129/2018/एफ0सी0दिनांक 11.12.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पायी गई आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

क्र0 सं0	लगायी गयी आपत्तियाँ	आपत्तियों का निराकरण
01.	प्रस्ताव को आर0ई0सी0 दिनांक 30.09.2019 के बैठक में चर्चा हेतु रखा गया तथा आर0ई0सी0 द्वारा प्रस्ताव पर लिए निर्णय के अनुसार प्रस्तावित क्षेत्र को घटाकर 4.3 है0 वनभूमि (पूर्व में 6.405 है0) कर दिया गया है, किन्तु इसकी जानकारी ऑनलाइन पैरा बी0 2.3 तथा 2.4 पर ही सशोधित की है अथवा अन्य स्थान पर जानकारी यथानुसार अपरिवर्तित है।	आपत्ति का निराकरण कर दिया गया है।
02	राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत उत्तर भी इस कार्यालय के पत्र दिनांक–12.09.2019 के सापेक्ष दिया गया है। न कि आर0ई0सी0 की बैठक के मिनट्स दिनांक 04.10.2019 के अनुसार ।	दिनांक 04.10.2019 को सम्पन्न आ0ई0सी0 की बैठक में जारी मिनट्स के अनुसार जवाब तैयार कर प्रस्तुत है (Not for justification संलग्न)।
03.	राज्य सरकार लभाविन्त होने वाले ग्राम की स्थिति KML File पर अकिंत कर ऑनलाइन पैरा–C (ii) b,Part I पर अपलोड करें साथ ही पूर्व एवं पुनरीक्षित दोनों समरेखण को अलग–अलग रगों से KML File पर प्रदर्शित करे।	KML File में लाभान्वित ग्राम को दर्शाते हुये KML File अपलोड कर दी गयी है।
04.	प्रस्ताव को आगामी आर0ई0सी0 की बैठक में रखा जाना सुनिश्चित किया गया है। प्रयोक्ता अभिकरण तथा सम्बधित वनमण्डल अधिकारी से अपेक्षित हैं कि प्रस्तुत जवाब पर आ0ई0सी0 के समक्ष प्रस्तुतिकरण करने का काष्ट करें।	प्रस्ताव मे पायी गयी आपत्तियों का निराकरण प्रस्तुत जवाब प्रयोक्ता अभिकरण आगामी आर0ई0सी0 की बैठक में उपस्थित हो जायेगें।

19/12/20

(इं0 डी0 सी0 नौटियाल)
अधिशासी अभियन्ता,
अ.ख., लो. नि. वि., घनसाली,
मुख्यालय–घुमेटीधार

Drishish Negi folder name 2018 EE to DFO Letter Forest

Scanned with CamScanner

JUSTIFICATION

कार्य का नाम :– राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद टिहरी गढ़वाल के विकास खण्ड भिलंगना में पौखार – गेंवली (भिलंग) मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य। (मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तानान्तरण प्रस्ताव। (लम्बाई– 10.00 किमी0)

प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रस्तावित कार्य हेतु वनभूमि की मांग पूर्ण औचित्य दर्शाते हुए विस्तृत आख्या निम्नवत है।

उक्त मार्ग की स्वीकृति के अनुपालन में राज्य योजना के अन्तर्गत ग्राम– पौखार – गेंवली (भिलंग) मोटर मार्ग के नवनिर्माण हेतु मार्ग का वास्तविक सर्वेक्षण करने के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 10.00 कि0मी0 आंकि है। ग्राम–गेंवली के चारों ओर आरक्षित वनभूमि पड़ती है, जिस कारण आरक्षित वनभूमि से ही इस मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है। इसके अतिरिक्त वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नहीं है। यह संरेखण ग्राम– पौखार – गेंवली (भिलंग) से होकर गुजरता है, जिनकी आबादी लगभग– 641 है। प्रस्तावित मोटर मार्ग के संरेखण में 8500.00 मीटर आरक्षित वनभूमि, 650.00 मीटर सिविल सोयम भूमि एवं 850.00 मीटर नापभूमि प्रभावित हो रही है, जो कि न्यूनतम एवं अपरिहार्य एवं वनभूमि की मांग न्यूनतम है। प्रस्तावित संरेखण घनसाली–घुत्तू मोटर मार्ग के कि0मी0–11.00 से प्रारम्भ होकर ग्रामसभा पोखार से ग्राम गेंवली को जोड़ते हुए पजगांव से पूर्व आरक्षित वनभूमि में समाप्त होता है। मार्ग के अन्तिम में ग्रामसभा पोखार एवं गेंवली के काश्तकारों की कृषिभूमि पड़ती है, इसलिए स्थानीय काश्तकारों का स्पष्ट कहना है की प्रस्तावित संरेखण पजगांव से पूर्व पड़ने वाली हमारी कृषिभूमि एवं छान (गौशाला) तक होना चाहिये, इसलिए प्रस्तावित मार्ग का संरेखण पजगांव से पूर्व आरक्षित वनभूमि में समाप्त किया गया है। ग्राम– पौखार – गेंवली (भिलंग) में उन्नत कृषिभूमि होने के कारण क्षेत्र की जनता का मुख्य व्यवसाय कृषि, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन है, यातायात की सुविधा होने से ग्रामीण अपनी फसल, दुग्ध उत्पादित पदार्थों को नजदिकीय बाजार में बेच सकेंगे, जिससे स्थानीय रोजगार उत्पन्न होगा एवं काश्तकारों को अपनी उपज का उचित मूल्य मिल सकेगा। भविष्य में यह मोटर मार्ग रानीगढ–लैणी–बुढवा मोटर मार्ग, चमियाला–कांगडा मोटर एवं कर्णगांव–राजराजेश्वरी मोटर मार्ग से जुड जायेगा। जिससे ब्लॉक भिलंगना की बासर एवं केमर पट्टी हेतु यह मोटर मार्ग बाईपास के रूप में भी कार्य करेगा एवं क्षेत्र का चहुमुखी विकास होगा।

दिनांक–04.10.2019 को सम्पन्न आर0ई0सी0 की बैठक में प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में प्रस्तावित मार्ग के पुनः संरेखण एवं निरीक्षण हेतु विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्थानीय जनता के साथ वार्तालाप किया गया किन्तु स्थानीय जनता ने पुनरीक्षित संरेखण किये जाने का विरोध किया एवं पूर्व में किये गये संरेखण पर ही सहमति दी, यदि पूर्व में किये गये संरेखण इतर यदि किसी अन्य स्थान से संरेखण किया जाता है, तो इस पुनरीक्षित संरेखण में दूसरी ग्रामसभा (ज्यून्दाणा) की कृषिभूमि, अत्यधिक संख्या में वृक्षों का पातन, पेयजल लाईन, गौशाला, भवन आदि की अत्यधिक क्षति होगी, एवं परियोजना की निर्माण लागत भी अधिक होने की पूर्ण सम्भावना है, यदि पुनरीक्षित संरेखण किया जाता है, तो पुनरीक्षित संरेखण भी पोखार

Scanned with CamScanner

ग्रामसभा से होकर ही ग्राम गैंवली को जोड़ेगा, जो कि पूर्व में किये गये प्रस्तावित संरेखण पर ही मिलेगा। अतः स्थानीय जनता, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय कर्मचारियों/अधिकारियों द्वारा यह निर्णय लिया गया है, कि पूर्व में प्रस्तावित संरेखण ही प्रत्येक दृष्टीकोण से सर्वदा उचित प्रतीत हो रहा है। इस संरेखण के इतर कोई अन्य संरेखण ग्रामसभा गैंवली को जोड़ने हेतु उपयुक्त नहीं है।

ग्राम गैंवली (भिलंग) जनपद टिहरी गढ़वाल का दुर्गम ग्राम है, जिसकी जिला मुख्यालय से रोड हैड घनसाली तक दूरी 65.00 एवं विकास खण्ड मुख्यालय तहसील घनसाली मुख्यालय से दूरी 10.00 कि0मी0 एवं रोड हैड ग्राम पोखार से ग्राम गैंवली की पैदल सम्पर्क मार्ग की दूरी 5.00 कि0मी0 है। वर्तमान में इसके अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध न होने के कारण गैंवली ग्राम की स्थानीय जनता को पैदल ही आवाजायी करनी पड़ती है, क्षेत्र का एक मात्र इण्टर कॉलेज कुमशिला में होने के कारण विद्यार्थियों को 8.00 कि0मी0 पैदल आवाजायी करनी पड़ती है। बुजूर्ग व्यक्तियों को बिमार होने की स्थित में डण्डी एवं कण्डी के माध्यम से ही पूर्व निर्मित घनसाली–घुत्तू मोटर मार्ग तक पैदल ही लाना पड़ता है। उक्त मोटर मार्गों के बन जाने के फलस्वरूप स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा मिल जायेगी, जिससे प्रत्यक्ष एवं अपरोक्ष रूप से स्थानीय जनता को आर्थिक लाभ एवं गांव से पलायन को रोकने में भी कारगार साबित होगा।

कनिष्ठ अभियन्ता, अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली	सहायक अभिन्ता, अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली	अधिशासी अभियन्ता, अ0ख0,लो0नि0वि0,घनसाली

प्रतिहस्ताक्षरित

क्षेत्रीय वनाधिकारी
टिहरी वन प्रभाग
नई टिहरी

Scanned with CamScanner